जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय, कोटा

राज्य महिला नीति (महिला प्रकोष्ठ)

सत्र 2022—2023

रिपोर्ट

नवंबर माह की गतिविधियाँ

1. दिनांक 11 नवंबर 2022 को महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में राज्य महिला नीति कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत कौशल विकास (English Comunication Skill Development) विषय पर एक व्याख्यान सह आचार्य अंग्रेजी विभाग एवं महिला प्रकोष्ठ तथा राज महिला नीति प्रभारी डॉ. संगीता सिंह द्वारा दिया गया। इंग्लिश कम्युनिकेशन स्किल्स के अंतर्गत उन्होंने लिसनिंग, स्पीकिंग रीडिंग, राइटिंग, स्किल्स पर आधारित विशेष जानकारी प्रदान की, छात्राओं ने प्रश्न पूछे, जिनका उत्तर विषय विशेषज्ञ डॉ. संगीता सिंह ने भली प्रकार से दिया। डॉ. मनीषा शर्मा, डॉ. ममता चौधरी, राखी मेठी ने कार्यक्रम आयोजित करने में योगदान किया। प्राचार्य डॉ. संजय भार्गव ने छात्राओं को कौशल विकास के विभिन्न आयामों के प्रति सजग रह कर भाग लेने का मार्गदर्शन किया।

2. दिनांक 25–11–2022 को महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में राज्य महिला नीति के अंतर्गत एक वेबीनार का आयोजन किया गया। सेमिनार के मुख्य वक्ता वरिष्ठ सी. ए. श्री वी. के. जैन के द्वारा वित्तीय जानकारी, एम.एस.एम.ई. अर्थात मिनिस्ट्री ऑफ स्मॉल एंड मीडियम एंटरप्राइजेस, सेल्फ हेल्प ग्रुप्स एवं बैंक से स्टार्टअप के लिए लोन किस प्रकार प्राप्त किया जाए। उसकी क्या प्रक्रिया है, इस बारे में जानकारी प्रदान की गई। श्री जैन की रोचक भाषा शैली और उदाहरण सहित व्याख्या से छात्राओं को आत्मसात करने में प्रसन्नता हुई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय भार्गव ने छात्राओं को अपने उद्बोधन में सरल रोजगार से जुड़ कर आत्मनिर्भर होने की प्रेरणा दी। महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ संगीता सिंह ने अपनी वार्ता में छात्राओं का उत्साहवर्धन किया साथ ही स्वावलंबन का प्रेरणास्पद संदेश दिया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. मनीषा शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ममता चौधरी द्वारा किया गया। इस वेबीनार के साथ ही वित्तीय विषयों पर जैसे एम.एस. एम. ई. स्वयं सहायता समूहों जैसे विषयों पर आशु भाषण प्रतियोगिता हुई जिसमें अमृता गौड़ बी.एस.सी पार्ट तृतीय ने प्रथम स्थान, नंदिनी शर्मा बी.एस.सी पार्ट तृतीय ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. ममता चौधरी ने किया एवं कार्यक्रम के आयोजन में रेखा कालानी एवं सुश्री राखी मेठी का सहयोग रहा। निर्णायक डॉ. मौसमी मीना तथा डॉ. रेनू त्यागी रहीं।



प्राचार्य
ज. दे. ब. राजकीय कन्या महाविद्यालय, कोटा